अमर उजाला 06/05/2025

शिक्षा जगत

समझौते के तहत होगा शिक्षण, सीखने और विद्वतापूर्ण परिणामों को बढ़ाने के लिए संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रम

# जीएमएन कॉलेज और एआई यूनिवर्सिटी के बीच करार

अंबाला। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के क्षेत्र में विद्यार्थियों को निपुण बनाने के लिए गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने मुंबई के यूनिवर्सल एआई यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

साझेदारी का उद्देश्य शैक्षिक संबंधों को मजबूत करना और नवीन शिक्षण, सहयोगात्मक अनुसंधान और समग्र छात्र विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के व्यापक दायरे की रूपरेखा तैयार करता है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सतत विकास के लिए साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

समझौते के तहत शिक्षण, सीखने और विद्वतापूर्ण परिणामों को बढ़ाने के लिए संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रम होगा, शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा, अंतर-संस्थागत जुड़ाव और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा, दोनों संस्थानों की सलाह के तहत संयुक्त अनुसंधान पहल और मनोरंजक सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही शिक्षा और नवाचार के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए सतत विकास शिक्षा लक्ष्यों (एसडीईजी) में सक्रिय भागीदारी रहेगी।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह, चांसलर डॉ. तरुणदीप आनंद सिंह ने विद्यार्थियों को एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया।



छावनी के जीएमएन कॉलेज ने यूनिवर्सल एआई यूनिवर्सिटी मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कॉलेज